# कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, अलीगढ़

पत्रांक सं0: 5/12-16 /2023–24 दिनांक: 24-08-2023

समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या
राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहिन विद्यालय मा0 शिक्षा/
सी.बी.एस.ई./बेसिक शिक्षा परिषद् से सम्बद्ध विद्यालय,
जनपद– अलीगढ।

विषय : भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 जनपद अलीगढ़ का निर्धारित वार्षिक कार्यक्रम सत्र 2023–24

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि–

1. पंजीकरण/नवीनीकरण/अंशदान :–

- जनपद के सभी विद्यालयों में कम से कम एक दल/कम्पनी का पंजीकरण होना अनिवार्य है (पंजीकरण शुल्क रू0 820/–) जिन विद्यालायों में पंजीकरण हो गया है वह अद्यतन नवीनीकरण अवश्य करा लें (नवीनीकरण शुल्क रू0 770/–) प्रतिवर्ष की दर से देय है।
- शासकीय एंव सहायता प्राप्त विद्यालय अपना अंशदान सितम्बर माह के अंत तक जमा कराना सुनिश्चित करें। अंशदान (कक्षा 9 से 12 तक के कुल छात्र/छात्राओं की संख्या x रू0 3.60)
- उक्त धनराशि जमा करने हेतु जिला संस्था के बैंक खाते का विवरण निम्नलिखित है :–

| | |
|---|---|
| बैंक खाता संख्या : | 05830100021717 |
| IFSC कोड : | BARB0ALIGAR |
| बैंक खाता नाम : | BHARAT SKAOOT & GUIDE ASSOCIATION, ALIGARH |
| बैंक का नाम : | BANK OF BARODA |
| बैंक शाखा का नाम: | TULSI ARCADE, MASOODABAD, ALIGARH |

विशेष नोट :– 1. उक्त जमा राशि का विवरण श्रीमती ज्योति भार्गव जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) को वाहट्सएप मो0 नं0 9456495747 पर भेजना सुनिश्चित करें।

2. वित्तविहीन विद्यालय अनिवार्य रूप से अपना दल का पंजीकरण करायें और जिन विद्यालय के दल/कम्पनी पूर्व मे पंजीकृत है वह अपना नवीनीकरण अनिवार्य रूप से करायें।

2. प्रगतिशील कार्यक्रम :–

- प्रथम/द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर 2023–24 – विद्यालय स्तर पर ट्रेनिंग काउंसलर के सहयोग से सितम्बर माह तक आवश्यक रूप से करा ले।

शिविर आयोजन की पूर्व सूचना जिला संगठन आयुक्त स्काउट/गाइड को अवश्य दें।

- प्रथम/द्वितीय सोपान प्रमाण का प्रमाण पत्र क्रमशः रू0 30/– एं0 40/– प्रति स्काउट/गाइड की दर से जमा करके जिला कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर 2023–24 – का आयोजन तहसील स्तर पर किया जाएगा। सम्बन्धित प्रधनाचार्य/प्रधानाचार्या अपनें तहसील क्षेत्र में अपनी संस्था के 'तृतीय सोपान परीक्षा' हेतु अर्ह प्रतिभागियों की प्रतिभागिता को सुनिश्चित करें। इस हेतु प्रतिभागियों की सूची निर्धारित प्रारूप पर प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित प्रतियां साथ लाये। प्रति स्काउट/गाइड शुल्क रू0 100/– देय होगा। तृतीय सोपान परीक्षा में सम्मिलित होने वाले स्काउट/गाइड की उम्र 13 वर्ष से कम और 17 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। निर्धारित प्रारूप स्काउट/गाइड की सूचना– संलग्नक–01 प्रेषित है। सभी ट्रेनिंग काउंसलर अपने–अपने तहसील क्षेत्रों में तृतीय सोपान परीक्षा व अन्य गतिविधियों में पूर्ण सहयोग करेगें।
- तृतीय सोपान के कार्यक्रम की पूर्ण रूप रेखा आयोजन तिथि से पूर्व पृथक से प्रेषित की जाएगी।

  नोट :– सभी स्काउट/गाइड प्रभारी अपने साथ सभी प्रतिभागियों के पूर्ण वर्दी (गणवेश ) में 5 फोटो व प्रथम एंव द्वितीय सोपान उत्तीर्ण प्रमाण पत्र की छाया प्रति अवश्य लेकर आयेगें। प्रतिभागी स्काउट/गाइड अपनें साथ नोट बुक, पेन, डोरी, सैनिटाइजर आदि जरूरत का सामान अवश्य लेकर आयेगें। स्काउट/गाइड का वर्दी (गणवेश) में रहना अनिवार्य है। तथा आयोजन स्थल पर प्रातः 9:00 बजे तक पहुंचना अनिवार्य है।

- राज्य पुरस्कार जांच शिविर 2023–24 – का आयोजन दिसम्बर माह में होना प्रस्तावित है। जिसका आयोजन मण्डल स्तर पर प्रादेशिक संस्था द्वारा निर्धारित निर्देशों के अन्तर्गत होगा।
- जनपदीय सर्वोत्तम कैडेट रैली 2023–24 – भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 द्वारा स्काउटिंग/गाइडिंग में गुणवत्ता के दृष्टिकोण से व्यक्तिगत क्षमता वृद्धि एंव आत्मविश्वास वृद्धि जिससे वर्दी एव व्यक्तिगत प्रदर्शन के प्रति जागरूकता एंव सम्मान के भाव की उत्तपत्ति तथा विषय विशेष में दक्षता प्राप्ति हेतु सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन माह अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम का विस्तृत विवरण संलग्नक–02 में दिया जा रहा है।
- वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी (ODOA) – स्काउट/गाइड एक शैक्षिक आन्दोलन का रूप ले चुका है इसके शैक्षिक गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य जनहित तथा विकास के कार्यो पर अधिक बल दिया जाता है। जिला संस्था के निर्देशन में जनहित/विकास के कार्य किए

जाएं। जनपद अलीगढ द्वारा चयनित विषय "साइबर जागरूकता" है। इस सम्बंध में इस सप्ताह 26 अगस्त, 2023 दिन शनिवार को आयोजित जनपदीय संगोष्ठी एंव कार्यशाला में जनपदीय साइबर सेल द्वारा एक कार्यक्रम रखा गया है।

3. व्यस्क प्रशिक्षण कार्यक्रम :–

- बिगनर्स कोर्स (रोवर/रेंजर/स्काउट/गाइड) का आयोजन सितम्बर माह में प्रस्तावित है।
- बिगनर्स कोर्स (सी०बी०एस०ई० बोर्ड) का आयोजन सितम्बर माह में प्रस्तावित है।
- बेसिक/एडवांस कोर्स फॉर स्काउट/मास्टर गाइड कैप्टन का आयोजन दिसम्बर माह में प्रस्तावित है।
- जनपदीय स्काउटर/गाइडर संगोष्ठी एंव कार्यशाला का आयोजन 26 अगस्त, 2023 को होना प्रस्तावित है।
- प्रधानाचार्य स्काउट/गाइड कार्यशाला का आयोजन सितम्बर माह में होना प्रस्तावित है।

नोटः– यह सभी आयोजन से सम्बंधित पूर्ण विवरण/आयोजन तिथि/स्थान की सूचना पृथक से प्रेषित की जाएगी।

4. सम्पर्क सूत्र :–

- किसी भी जानकारी के लिए निम्न पदाधिकारीयों से सम्पर्क कर समस्या का समाधान कर लें।

| नाम | पद नाम | जानकारी का विवरण | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|
| श्रीमती मधु वार्ष्णेय | कोषाध्यक्ष | शुल्क सम्बंधित | 9548412324 |
| श्री जफरूद्दीन अहमद | जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) | संगठन सम्बंधित | 8979219373 |
| डा० शुभिका | जिला संगठन आयुक्त (गाइड) | | 9456611012 |
| श्री कुलदीप सक्सेना | जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) | प्रशिक्षण सम्बंधित | 8218764587 |
| श्रीमती ज्योति भार्गव | जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) | | 9456405747 |

5. प्रमुख दिवस :–

- समस्त विद्यालयों द्वारा प्रमुख दिवस 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस, 14 जून रक्तदान दिवस, 21 जून विश्व योग दिवस, 26 जून नशीले पदार्थ निषेध दिवस, 11 जुलाई विश्व जनसंख्या दिवस, 11 अगस्त पं० श्रीराम बाजपेयी जयन्ती, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 17 अगस्त भारत स्का०गा० झंडा दिवस, 20 अगस्त सद्भावना दिवस/वृक्षारोपण, 08 सितम्बर विश्व साक्षरता दिवस, 16 सितम्बर विश्व शान्ति दिवस, 02 अक्टूबर गांधी जयन्ती/लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती/राष्ट्रीय एकता दिवस/स्वचछता दिवस, 12 अक्टूबर राष्ट्रीय आपदा दिवस, माह

अक्टूबर में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम, 07 नवम्बर भारत स्काउट/गाइड स्थापना दिवस, 14 नवम्बर बाल दिवस, 01 दिसम्बर विश्व एड्स दिवस, 02 दिसम्बर पर्यावरण बचाओं रैली, 03 दिसम्बर विश्व संरक्षण दिवस, 10 दिसम्बर विश्व मानवाधिकार दिवस, 25 दिसम्बर भारत रत्न पं0 मदन मोहन मालवीय जयन्ती, 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस, 22 फरवरी चिंतन दिवस व समय-समय पर अन्य कार्यक्रम जसे सामाजिक सेवा, सर्व धर्म प्रार्थना सभा, नुक्कड नाटक, जनजागरूकता कार्यक्रम/अभियान, ग्रीष्म कालीन पेय जल सेवा शिविर, पालीथीन का बहिष्कार, साइबर जागरूकता, सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरूकता अभियान, अलीगढ़ प्रदर्शनी में सेवा कार्य, भू जल संरक्षण, जन जागरूकता रैली आदि का आयोजन अनिवार्य रूप से कराना/स्काउट और गाइड को प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें साथ ही कार्यक्रम उपरान्त कार्यक्रम के फोटोग्राफ मय विवरण के साथ जिला संस्था को ससमय अवश्य भेजनें का कष्ट करें।

विशेष :- उपर्युक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त यदि कोई विद्यालय अपने स्तर पर कार्यक्रम रखना चाहते है, तो वह जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) से सम्पर्क करें।

6. ऑनलाइन यूथ मेम्बरशिप :-

- समस्त स्काउट मास्टर/गाइड कप्टन द्वारा ऑनलाइन यूथ मेम्बरशिप पोर्टल पर अपने विद्यालय के दल/यूनिट लीडर/स्काउट/गाइड का पंजीकरण कर 31 अगस्त 2023 तक यूआईडी नम्बर अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। समस्त प्रधानाचार्य इस कार्य को आई.टी. सेल से समन्वय स्थापित कर अतिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

नोटः- तृतीय सोपान, राज्य पुरस्कार, राष्ट्रपति पुरस्कार, एचडब्लूबी कोर्स, सर्वोत्तम कैडेट रैली व अन्य महत्वपूर्ण पुरस्कार व ट्रेनिंग के लिए यूआईडी नम्बर का होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आपके विद्यालय के स्काउट/गाइड व लीडर इन महत्वपूर्ण पुरस्कार व योजनाओं से वंचित हो सकतें है जिसकी जिम्मेदारी विद्यालय के प्रधानाचार्य एंव स्काउट मास्ट/गाइड कैप्टन की होगीं।

भवदीय

24/08/2023

(सर्वदा नन्द)
जिला विद्यालय निरीक्षक
अलीगढ़/
जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0
अलीगढ़।

जिला सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड उ०प्र०, लखनऊ।
2. सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, भारत स्काउट और गाइड उ०प्र०, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।
3. जिला आयुक्त स्का०/गा०/जिला सचिव/जिला कोषाध्यक्ष/जिला संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त स्का०/गा०, अलीगढ़।
4. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़।

24/05/2023

(सर्वदा नन्द)
जिला विद्यालय निरीक्षक
अलीगढ़/
जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०
अलीगढ़।

संलग्नक–01

– तृतीय सोपान जाँच शिविर –

संवर्ग– स्काउट/गाइड

शिविर में प्रतिभागी विवरण सत्र........................ शिविर स्थल.................................................................................... तहसील.................... दिनांक................ से ............... तक

विद्यालय का नाम.............................................................................................. दल/कम्पनी का नाम..................................................................................................

पंजीकरण सं0................................................ तिथि................................................ नवीनीकरण सं0................................................ तिथि................................................

स्काउटर/गाइडर का पूरा नाम.......................................................................................................................................... मो0नं0................................................

अधिकार पत्र सं0........................................................................................ तिथि........................................................................... UID संख्या................................................

| क्र0सं0 | UID संख्या | प्रतिभागी का नाम | पिता का नाम | जन्मतिथि एंव वर्ष | एस.आर. सं0 | दल/कम्पनी में प्रवेश की तिथि | प्रवेश परीक्षा तिथि | दीक्षा तिथि | प्रथम सोपान तिथि एंव प्रमाण पत्र सं0 | द्वितीय सोपान तिथि एंव प्रमाण पत्र सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | | | | | | | | | | |
| 02 | | | | | | | | | | |
| 03 | | | | | | | | | | |
| 04 | | | | | | | | | | |
| 05 | | | | | | | | | | |
| 06 | | | | | | | | | | |
| 07 | | | | | | | | | | |
| 08 | | | | | | | | | | |
| 09 | | | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर प्रधनाचार्य/प्रधानाचार्या

हस्ताक्षर स्काउटर/गाइडर

:: संलग्नक–02 ::

(सर्वोत्तम कैडेट रैली)

महोदय/महोदया,

भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 द्वारा स्काउटिंग/गाइडिंग में गुणवत्ता की दृष्टिकोण से व्यक्तिगत क्षमता वृद्धि एंव आत्मविश्वास वृद्धि जिससे यूनिफार्म एंव व्यक्तित्व प्रदर्शन के प्रति जागरूकता एंव सम्मान के भाव की उत्पत्ति तथा विषय विशेष में दक्षता प्राप्ति हेतु सर्वोत्तम कैडेट/रैली का आयोजन किया जा रहा है।

➢ प्रतियोगिता (रैली) के आयोजन से सम्बंधित विस्तृत निर्देश इस प्रकार है :–

1. प्रतियोगिता का पाठ्यक्रम एपीआरओ भाग–2 एंव 3 में दिए गए चतुर्थ चरण/हीरक पंख (कब/बुलबुल के लिए), तृतीय सोपान (स्काउट/गाइड के लिए) एंव निपुण (रोवर/रेंजर) के लिए स्तर का होगा।
2. समस्त प्रतियोगिता का मूल्यांकन 100 अंको का होगा। प्रतियोगिता के दो भाग होगे जिसमें से 70 अंक प्रायोगिक परीक्षा हेतु तथा 30 अंक लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित होगा।
3. प्रयोगिक परीक्षा के लिए विषय एंव अंको का निर्धारण निम्नवत् है :–

(क) – कब/बुलबुल हेतु :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुमान | ऊचांई, दूरी, संख्या, वनज, चौड़ाई। | 10 अंक |
| 2. | नक्षत्र ज्ञान | तारा समूह, ध्रुव तारे की पहचान, अराइन, सप्तर्षि, राशिगत, तारो का ज्ञान। | 10 अंक |
| 3. | टर्न आउट | वर्दी, मार्चिंग, सैल्यूटिंग रिर्पोटिंग, हाथ, सीटी संकेत। | 10 अंक |
| 4. | मैपिंग | बियरिंग, स्केल, मैपमेंकिंग, (टूरिस्टमैप प्लेन टेबल सर्वे विधि से) मैपरीडिंग। | 10 अंक |
| 5. | हस्तकौशल | विशिष्ठ अवसरो के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाना। | 15 अंक |
| 6. | यातायात संकेत एंव सड़क सुरक्षा | लाल, पीले एंव हरे रंग के संकेत का अर्थ, सड़क पर बाये या दाये हाथ के मुड़ने का संकेत एंव सड़क पार करने का नियम | 15 अंक |

(ख) – स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर हेतु :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अनुमान | ऊचांई, दूरी, संख्या, वनज, चौड़ाई। | 10 अंक |
| 2. | नक्षत्र ज्ञान | तारा समूह, ध्रुव तारे की पहचान, अराइन, सप्तर्षि, राशिगत, तारो का ज्ञान। | 10 अंक |
| 3. | टर्न आउट | वर्दी, मार्चिंग, सैल्यूटिंग रिर्पोटिंग, हाथ, सीटी संकेत। | 10 अंक |
| 4. | मैपिंग | बियरिंग, स्केल, मैपमेंकिंग, (टूरिस्टमैप प्लेन टेबल सर्वे विधि से) मैपरीडिंग। | 10 अंक |
| 5. | शेल्टर मैनेजमेंट | वैकल्पिक आवास निर्माण, गैजेट्स मेकिंग। | 15 अंक |
| 6. | फर्स्टएड एंव आपदा प्रबंधन | स्ट्रेचर ड्रिल पट्टियॉ, हड्डी की टूट एंव वैकल्पिक साधनों से मरीज ले जाने हेतु स्ट्रेचर का निर्माण (कब/बुलबुल को छोडकर) | 15 अंक |

4. प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन जनपद स्तरीय गठित एक समिति के माध्यम से प्रादेशिक संस्था के दिशा निर्देशो के अन्तर्गत किया जायेगा।
5. प्रदेश स्तर से प्रतियोगिता में निम्नानुसार प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किये जाएगें।

| क0सं0 | स्तर | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कब/बुलबुल | रू0 5,000/- | रू0 3,000/- | रू0 2,000/- |
| 2. | स्काउट/गाइड | रू0 10,000/- | रू0 7,000/- | रू0 5,000/- |
| 3. | रोवर/रेंजर | रू0 10,000/- | रू0 7,000/- | रू0 5,000/- |

## स्मरणीय बिन्दु

1. जनपद से अधिकतम प्रतिभागिता होनी आवश्यक है।
2. यह प्रतियोगिता रैली के स्वरूप समारोह पूर्वक आयोजित की जाएगी। समारोह की अवधि त्रिदिवसीय होगी।
3. मूल्यांकन हेतु निर्धारित विषयों के अतिरिक्त केवल मार्च पास्ट/कलर पार्टी एंव कैम्पफायर के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

——————————————X——————————————